# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर, लखनऊ।

संख्या– 24 /02/ कम्प्यू0अनु0(बारह)/2022/02–परीक्षा/2021

लखनऊः दिनांकः 02 जून, 2022

## आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या–02–परीक्षा/2021 के अंतर्गत स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) के विज्ञापित कुल 9212 पदों पर चयन हेतु स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) मुख्य परीक्षा–(प्रा0अ0प0–2021)/01 के आधार पर अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित किये गये 17713 अभ्यर्थियों का परिणाम आयोग की आवश्यक सूचना संख्या–22/02/कम्प्यू0अनु0(बारह)/2022/02–परीक्षा/2021, दिनांक 26.05.2022 द्वारा घोषित किया गया है। उक्त 17713 अभ्यर्थियों का अभिलेख परीक्षण दिनांक 09.06.2022 से 18.06.2022 तक आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

उक्त विज्ञापन के प्रस्तर–9 में अंकित विवरण के दृष्टिगत आनलाइन आवेदन में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश में संविदा के आधार पर सहायक नर्स मिडवाइफ के रूप में कार्य करने के अनुभव का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अनुभव प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में चिकित्सा अनुभाग–10, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन द्वारा शासनादेश संख्या–599/पांच–10–2022, दिनांक 01.06.2022 (संलग्न) निर्गत किया गया है।

अतः सम्बन्धित अभ्यर्थी चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0 के अधीन संविदा पर सहायक नर्स मिडवाइफ के रूप में की गयी सेवा का भारांक/अधिमानी अंक प्राप्त किये जाने हेतु उक्त शासनादेश में की गयी व्यवस्था के अनुसार क्यू0आर0 कोड आधारित डिजिटल "अनुभव प्रमाण पत्र" अभिलेख परीक्षण हेतु निर्धारित तिथि पर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः–यथोपरि।

02/06/2022

(अवनीश सक्सेना)

सचिव।

संख्या–599 / पांच–10–2022

प्रेषक,

अपर मुख्य सचिव,
चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1– मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

2–महानिदेशक,
परिवार कल्याण,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

3– समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

चिकित्सा अनुभाग– 10 लखनऊः दिनांक : 01 जून, 2022

**विषयः**–उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा शार्टलिस्टेड ए0एन0एम0 अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अधीन संविदा पर ए0एन0एम0 पद पर की गयी सेवा का भारांक प्रदान किये जाने हेतु क्यू0आर0कोड आधारित डिजिटल "अनुभव प्रमाण पत्र" के सृजन / निर्गमन के संबंध में।

**महोदया / महोदय,**

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में ए0एन0एम0 के 9212 रिक्त पदों पर चयन हेतु परीक्षा आयोजित की गयी थी, जिसका परिणाम विगत कुछ दिन पूर्व ही घोषित किया गया है। निर्धारित चयन प्रकिया के अन्तर्गत शार्टलिस्टेड अभ्यर्थियों में से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अधीन संविदा पर कार्यरत / कार्य कर चुकी ए0एन0एम0 को उनके द्वारा की गयी सेवा के आधार पर भारांक प्रदान किए जाने की व्यवस्था है, जिसके लिए उन्हें अनुभव प्रमाण पत्र निर्गत किया जाना आवश्यक होगा।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश में संविदा पर ए0एन0एम0 के पद पर दिनांक 05.01.2022 (आवेदन करने की अंतिम तिथि) तक पूर्ण की गयी सेवा अवधि (वर्ष, माह एवं दिवस में) का प्रमाण–पत्र जिला कार्यक्रम प्रबन्धक के हस्ताक्षर एवं मुख्य चिकित्साधिकारी के प्रतिहस्ताक्षर से निर्गत किया जायेगा। अतः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 में वर्तमान में कार्यरत एवं पूर्व में सेवा प्रदान कर चुकी ए0एन0एम0 को भारांक प्रदान करने के उद्देश्य से क्यू आर कोड आधारित डिजिटल अनुभव प्रमाण पत्र सृजित / निर्गत करने की प्रक्रिया से संबंधित निम्नलिखित दिशा–निर्देश जारी किये जा रहे हैं:–

(1) एन0एच0एम0 में कार्यरत एवं कार्य कर चुकी ए0एन0एम0 का क्यू आर कोड आधारित डिजिटल अनुभव प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु यूपीटीएसयू के सहयोग से एक वेबपोर्टल https://certificate.tsuprogram.com/ यूआरएल विकसित किया गया है, जिस पर संबंधित ए0एन0एम0 के अनुभव प्रमाण–पत्र में भरे जाने वाले विवरण का सत्यापन एवं अनुभव प्रमाण–पत्र के निर्गत किये जाने की कार्यवाही सम्पादित की जायेगी।

(2) संबंधित जनपद के द्वारा उस जनपद में संविदा पर कार्य किये गये अवधि का प्रमाण–पत्र जारी किया जायेगा। यदि किसी भी अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक जनपदों में कार्य किया गया है तो उसे अलग–अलग अवधि का प्रमाण–पत्र संबंधित जनपद से प्राप्त करना होगा।

AP/Achyut/GO

(3) प्रदेश के सभी संबंधित जनपदों के मुख्य चिकित्साधिकारियों की लॉग–इन आई.डी. वही होगी, जो वर्तमान में उनकी मानव सम्पदा आई.डी. है। सुरक्षा की दृष्टि से पासवर्ड संबंधित मुख्य चिकित्साधिकारी को ईमेल के माध्यम से पृथक से शीघ्र ही उपलब्ध कराया जायेगा।

(4) मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अपनी–अपनी उक्त लॉग–इन आई.डी. एवं पासवर्ड के माध्यम से मानव सम्पदा पर लॉग–इन किया जाएगा।

(5) इसके फलस्वरूप मानव सम्पदा पर पंजीकृत ए0एन0एम0 का नाम, ईएचआरएमएस आई.डी., वर्तमान तैनाती जिला का विवरण मानव सम्पदा पोर्टल पर उपलब्ध डेटा से स्वतः फीड हो जायेगा।

**अ– जिस ए0एन0एम0 के पास ईएचआरएमएस आई.डी उपलब्ध है उनका अनुभव प्रमाण–पत्र निम्नानुसार निर्गत किया जायेगाः–**

(i) मुख्य चिकित्साधिकारी, संबंधित ए0एन0एम0 का ईएचआरएमएस कोड अंकित करेगे। यदि उक्त ईएचआरएमएस डेटाबेस में उपलब्ध है तो उनका नाम, ईएचआरएमएस कोड, एएनएम के सेवा में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि एवं संविदा पर कार्य करने की सेवा अवधि वर्ष–माह–दिवस में दिनांक 05.01.2022 तक मोबाइल नम्बर सहित, दर्ज की जायेगी।

(ii) समस्त डेटा के सत्यापन के उपरान्त, डी0पी0एम0 एवं मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा 'Preview experience certificate' पर क्लिक करके "अनुभव प्रमाण पत्र" निर्धारित प्रारूप में अवलोकित किया जा सकता है। तत्पश्चात, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा क्यू आर कोड आधारित अनुभव प्रमाण–पत्र डाउनलोड करने के लिए 'Generate experience certificate' पर क्लिक किया जायेगा।

उक्त "अनुभव प्रमाण–पत्र" का निर्धारित प्रारूप संलग्न है (संलग्नक–1), जो ऑनलाइन पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

(iii) संबंधित जिले के डीपीएम द्वारा अपना नाम, दिनांक एवं तैनाती जिला लिपिबद्ध करके मुहर सहित हस्ताक्षरित किया जायेगा। तदोपरान्त सीएमओ द्वारा अपना नाम, दिनांक एवं तैनाती जिला लिपिबद्ध करके मुहर सहित प्रतिहस्ताक्षरित किया जायेगा। उक्तानुसार कार्यवाही सम्पन्न होने पर अन्ततः "अनुभव प्रमाण–पत्र" संबंधित एएनएम को उपलब्ध कराया जायेगा।

**ब– जिन एनएनएम का ईएचआरएमएस कोड नहीं है अथवा ईएचआरएमएस कोड अंकित करने पर उनका विवरण डेटाबेस में प्रदर्शित नहीं होता है उनका अनुभव प्रमाण–पत्र निम्नानुसार निर्गत किया जायेगाः–**

(i) यदि किसी एएनएम का ईएचआरएमएस कोड उपलब्ध नहीं है, अथवा ईएचआरएमएस कोड अंकित करने पर उनका विवरण डेटाबेस में प्रदर्शित नहीं होता है, तो भी डिजिटल अनुभव प्रमाण पत्र इसी वेबपोर्टल https://certificate.tsuprogram.com/ के माध्यम से सृजित किया जायेगा। इस स्थिति में ए0एन0एम0 द्वारा अंतिम सेवा प्रदान किये गये जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी/जिला कार्यक्रम प्रबन्धक द्वारा उपलब्ध डेटा के आधार पर ईएचआरएमएस कोड को छोड़कर संबंधित एएनम का डेटा फीड किया जायेगा और अनुभव प्रमाण पत्र के सृजन/निर्गमन हेतु शेष प्रक्रिया उक्तानुसार अनुसरित की जायेगी। उक्त "अनुभव प्रमाण–पत्र" का निर्धारित प्रारूप संलग्न है **(संलग्नक–2)**, जो ऑनलाइन पोर्टल पर भी उपलब्ध है। इन अपंजीकृत ए0एन0एम0 को निर्गत होने वाले अनुभव प्रमाण पत्र में यह भी

उल्लेख किया जायेगा कि —"प्रमाणित किया जाता है कि उक्त ए0एन0एम0 का नाम मानव सम्पदा पोर्टल पर पंजीकृत नहीं है, लेकिन उनके द्वारा उक्त अवधि में एन0एच0एम0 में संविदा पर ए0एन0एम0 के पद पर कार्य किया गया है"।

स— <u>डिजिटल अनुभव प्रमाण पत्र का सत्यापन क्यूआर कोड के स्कैनिंग द्वारा</u>

(i) उक्त को स्कैन करने पर अनुभव प्रमाण—पत्र में अंकित विवरण निम्न प्रारूप में प्रमाणित होंगे— एईएचआरएमएस आईडी (यदि लागू हो), नाम, वर्तमान/अन्तिम तैनाती जिला, पूर्ण किये गये वर्षों एवं माहों की संख्या प्रदर्शित होगी। जिस डिजिटल प्रमाण पत्र में समस्त डेटा मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा दर्ज किया जायेगा उसमें ईएचआरएमएस कोड—NA अंकित होगा तथा शेष समस्त विवरण पंजीकृत ए0एन0एम0 के समान निम्नानुसार प्रदर्शित होगा।

When QR code is scanned - preview

**Department of Medical Health and Family Welfare**

Manav Sampada (eHRMS) ID: ____

Name: ____

Posting District: ____

Number of completed years of experience: ____

(ii) विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि ए0एन0एम0 के प्रत्येक डिजिटल अनुभव प्रमाण—पत्र पर क्यू आर कोड होना अनिवार्य है। उक्त डिजिटल प्रमाण—पत्र सृजित करने हेतु किसी भी प्रकार के तकनीकी सहयोग/जिज्ञासा हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 लखनऊ में इस कार्य हेतु स्थापित हेल्प डेस्क से संपर्क किया जा सकता है।

अतः कृपया उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा शार्टलिस्टेड ए0एन0एम0 अभ्यर्थियों को उनके द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अधीन संविदा पर ए0एन0एम0 पद पर की गयी सेवा का भारांक प्रदान किये जाने हेतु क्यू0आर0 कोड आधारित डिजिटल "अनुभव प्रमाण पत्र" के सृजन/निर्गमन हेतु उक्त दिशा—निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

**<u>संलग्नक—यथोक्त।</u>**

भवदीय,

/

**(अमित मोहन प्रसाद)**
अपर मुख्य सचिव

संख्या–599(1) / पांच–10–2022तद्‌दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन।

2– महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाये, उ0प्र0 लखनऊ।

3– महानिदेशक (प्रशिक्षण), चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0।

4– अधिशासी निदेशक, उत्तर प्रदेश तकनीकी सहयोग इकाई को इस आशय से प्रेषित कि एन0एच0एम0 के अधीन संविदा पर ए0एन0एम0 पद पर की गयी सेवाओं हेतु क्यू आर कोड आधारित डिजिटल प्रमाण पत्र सृजित करवाने संबंधी कार्य में यथोचित तकनीकी सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

5– निदेशक(प्रशासन), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उ0प्र0।

6– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अपर्णा यू0)

सचिव।

AP/Achyut/GO

DUMMY CERTIFICATE

ANNEXURE - 1

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

## अनुभव प्रमाण पत्र

( केवल अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के लिए मान्य )

यह प्रमाणित किया जाता है कि सुश्री / श्रीमती...SURESH CHANDRA SHRAMA .मानव सम्पदा (ईएचआरएमएस) आईडी .........176394 ...... ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के अधीन संविदा पर एएनएम के पद पर ..1 Year 2 Months 3 Days ........अवधि के लिये कार्य किया है ।

इनकी वर्तमान/ अंतिम तैनाती जिला ..AGRA .में है/ थी ।

मुख्य चिकित्साधिकारी (प्रति हस्ताक्षर एवं मुहर)

पूरा नाम..........................................................

जनपद...................................

दिनाँक..........................................................

जिला कार्यक्रम प्रवन्धक (हस्ताक्षर एवं मुहर)

पूरा नाम..........................................................

जनपद...................................

दिनाँक..........................................................

DUMMY CERTIFICATE

ANNEXURE-1

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

# अनुभव प्रमाण पत्र

( केवल अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के लिए मान्य )

यह प्रमाणित किया जाता है कि सुश्री / श्रीमती..Rekha Singh .मानव सम्पदा (ईएचआरएमएस) आईडी .......Not Applicable ........ ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के अधीन संविदा पर एएनएम के पद पर .3 Year 1 Months 3 Days .. अवधि के लिये कार्य किया है।

इनकी वर्तमान/ अंतिम तैनाती जिला Agra .... में है / थी।

प्रमाणित किया जाता है कि मानव संपदा पर Rekha Singh उम्मीदवार का ईएचआरएमएस कोड नहीं मिला है। इस प्रमाणपत्र को जारी करने से पहले अनुभव के प्रमाण के रूप में जमा किए गए दस्तावेजों की जांच कर ली गयी है।

मुख्य चिकित्साधिकारी (प्रति हस्ताक्षर एवं मुहर)

पूरा नाम.......................................................

दिनाँक.........................................................

जनपद...............................

जिला कार्यक्रम प्रवन्धक (हस्ताक्षर एवं मुहर)

पूरा नाम.......................................................

दिनाँक.........................................................

जनपद...............................